# आकाशवाणी शिमला

**21.08.2024** **1945बजे**

## " मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री ने कहा–पिछले एक वर्ष में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में हुआ 20 फीसदी सुधार–व्यवस्था परिवर्तन से राज्य को आत्मनिर्भर बना रही है सरकार।
- लम्बित एरियर व डीए न मिलने पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा–सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ ने शिमला में किया प्रदर्शन।
- प्रदेश में पहली सितम्बर से शुरू होगी पशुधन की गणना–डिजिटल तकनीक का होगा प्रयोग।
- शिमला के उपायुक्त ने एम.एल.ए. क्रासिंग के पास हुए भारी भू–स्खलन के कारणों का पता लगाने और सड़क की जल्द बहाली के अधिकारियों को दिए निर्देश।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार का विज़न प्रदेश को व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर बनाना है और सरकार अपने प्रयासों से आर्थिक संसाधन जुटा रही है। सोलन में जोगिन्द्रा सहकारी बैंक के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए सरकारी खजाने को लुटने नहीं दिया जाएगा और सरकार ने फिजूलखर्ची पर रोक लगाई है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि साधन सम्पन्न लोगों को बिजली व पानी पर सब्सिडी नहीं दी जाएगी और सरकार द्वारा इसका युक्तिकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में प्रदेश की अर्थव्यवस्था 20 फीसदी सुधरी है और जीएसटी कलेक्शन भी बेहतर हुआ है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने साढ़े 7 करोड़ रूपए की लागत से बने बैंक के नए भवन का लोकार्पण भी किया। बाद में सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कण्डाघाट में निर्माणाधीन अस्पताल भवन और खेल मैदान का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी इस मौके मौजूद रहे।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज सोलन जिले के कैथलीघाट में शिमला बाईपास टनल का दौरा किया और निर्माण कार्यों का निरिक्षण किया। इस साढ़े 28 किलोमीटर लम्बी शिमला बाईपास फोरलेन सड़क पर 10 सुरंगे बनाई जाएंगी जिनकी लम्बाई करीब साढ़े 10 किलोमीटर होगी। इस परियोजना पर कुल 4 हजार 8 सौ करोड़ रूपए खर्च होंगे। राज्यपाल ने बताया कि इससे कैथलीघाट से ढली तक की दूरी लगभग 15 किलोमीटर कम हो जाएगी और यात्रा के समय में एक घंटे की बचत होगी।

## कर्मचारी महासंघ

लम्बित एरियर और डीए न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राज्य सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ ने आज सचिवालय में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदेश के अन्य कर्मचारी संगठनों ने भी इसे समर्थन का ऐलान कर दिया है। सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों को वर्ष 2016 से एरियर का भुगतान और जुलाई 2022 से डीए नहीं मिला है जिससे उनमें रोष है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां राज्य सरकार मंत्रियों और मुख्य संसदीय सचिवों पर फिजूलखर्ची कर रही है वहीं कर्मचारियों को बकाया राशि का पैसा देने में आनाकानी की जा रही है। संजीव शर्मा ने कहा कि अगर सरकार कल कर्मचारियों को वार्ता के लिए नहीं बुलाती है तो उसके बाद फिर से जनरल हाउस होगा। उन्होंने चेताया कि यदि सरकार फिर भी नहीं मानती है तो 10 सितम्बर से कर्मचारी संयुक्त रूप से कैजुअल लीव पर चले जाएंगे।

## विक्रमादित्य

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तहत टूटू ब्लॉक के सभी 34 पंचायत प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपने–अपने क्षेत्र में ईमानदारी से विकास कार्य पूरा करवाने का आहवान किया। लोकनिर्माण मंत्री ने बताया कि टूटू ब्लॉक की पंचायतों की मनरेगा और अन्य मद्दों की लगभग 6 करोड़ रूपए की राशि खण्ड विकास कार्यालयों में लम्बित पड़ी है और इसे तय समय के भीतर खर्च किया जाना जरूरी है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कुछ पंचायत प्रतिनिधि स्वीकृत राशि खर्च करने में उदासीनता दिखा रहे हैं जो

चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि शिमला ग्रामीण क्षेत्र में जल्द ही रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा और बनूटी में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर भी आयोजित होगा।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने सोलन नगर निगम के महापौर के पद पर उषा शर्मा को बरकरार रखने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। सोलन में एक पत्रकार वार्ता में बिंदल ने कहा कि राज्य सरकार को स्वायत्त संस्थाओं के साथ छेड़छाड़ करना महंगा पड़ा और इसमें सरकार की फजीहत हुई है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्षद उषा शर्मा कुछ भाजपा पार्षदों के समर्थन से महापौर बनी थीं लेकिन कांग्रेस ने इसे पार्टी विरोधी गतिविधियों का हवाला देते हुए उषा शर्मा को कांग्रेस से निकाल दिया था। उन्होंने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी और अदालत ने उन्हें महापौर के पद पर बने रहने का फैसला सुनाया है।

**पशुपालन मंत्री**

प्रदेश में पहली सितम्बर से पशुधन की गणना का कार्य शुरू किया जाएगा। पशुपालन मंत्री चन्द्र कुमार ने आज शिमला में विभाग की एक कार्यशाला के बाद बताया कि गणना के बाद आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने सही गणना करने पर बल दिया और कहा कि इस बार पशुधन की गणना में डिजिटल क्रांति की अहम भूमिका होगी। चन्द्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 में की गई पशु गणना के मुताबिक प्रदेश में कुल 44 लाख पशु थे जिनमें 19 लाख भेड़ बकरियां भी शामिल हैं। पशुपालन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर 5 साल बाद पशुधन की गणना की जाती है।

**भू–स्खलन**

राजधानी शिमला के एम.एल.ए. क्रॉसिंग के पास बीती रात बालूगंज सड़क मार्ग पर एक बार फिर भारी भू–स्खलन हुआ है। इस भू–स्खलन के चलते चौड़ा मैदान से बालूगंज सड़क मार्ग पर बनी वर्षाशालिका व सड़क का एक बड़ा हिस्सा क्रॉसिंग पर आ पहुंचा। गनीमत ये रही कि पुलिस की मुस्तैदी के चलते यहां पर किसी तरह का भी हादसा पेश नहीं आया और यहां से वाहनों की आवाजाही को पूरी तरह से रोक दिया गया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने आज शिमला में अधिकारियों के साथ बैठक कर भू–स्खलन के कारणों का पता लगाने और सड़कों को जल्द बहाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस भू–स्खलन के चलते एम.एल.ए. क्रासिंग से बालूगंज की ओर जाने वाले वाहनों को

वाया चक्कर भेजा जा रहा है। जबकि बालूगंज से चौड़ा मैदान जाने वाले वाहनों को वाया समरहिल अपने गंतव्य तक भेजा जा रहा है।

**संगीत सभा**

आकाशवाणी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में इस महीने देश भर के विभिन्न स्थानों पर संगीत सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आकाशवाणी शिमला द्वारा कल 22 अगस्त को शाम 3 बजे से शिमला के गेयटी थियेटर में लोक संगीत सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोकगायक पंडित कृष्ण लाल सहगल और डॉक्टर राम स्वरूप शांडिल सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या कम हुई क्योंकि पिछली सरकार ने गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए कोई कदम नहीं उठाये। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक लाभ के लिए पूर्व भाजपा सरकार ने अपने अंतिम 6 महीनों में बिना बजट के दो दर्जन नए कॉलेज और लगभग 4 सौ स्कूल खोले। रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या घटकर 49 हजार 2 सौ 95 रह गई है और इसके लिए पूर्व जयराम सरकार दोषी है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि नेशनल एचीवमेंट सर्वे 2021 की रिपोर्ट के अनुसार गुणात्मक शिक्षा के मामले में हिमाचल 21वें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाने के लिए 7 हजार अध्यापकों के पद स्वीकृत किए और इन्हें भरने की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा 95 कॉलेज प्राचार्य और 4 सौ 83 सहायक प्रोफैसर नियुक्त किए गए हैं।

**उद्योग मंत्री**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने अधिकारियों को सभी विकास योजनाएं तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। नाहन में आज विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में विकास कार्य चल रहे हैं और लोगों को तय समय में इनका लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उद्योग मंत्री ने बताया कि सिरमौर जिले में अभी तक मनरेगा के तहत एक लाख 7 सौ 60 जॉब कार्ड प्रदान किए जा चुके हैं और योजना के अंतर्गत लगभग 11 करोड़ रूपए वेतन के रूप में दिए जा चुके हैं। सांसद सुरेश कश्यप और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार भी बैठक में मौजूद रहे।

**<u>मुख्य समाचार</u>**

- मुख्यमंत्री ने कहा–पिछले एक वर्ष में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में हुआ 20 फीसदी सुधार–व्यवस्था परिवर्तन से राज्य को आत्मनिर्भर बना रही है सरकार।
- लम्बित एरियर व डीए न मिलने पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा–सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ ने शिमला में किया प्रदर्शन।
- प्रदेश में पहली सितम्बर से शुरू होगी पशुधन की गणना–डिजिटल तकनीक का होगा प्रयोग।
- शिमला के उपायुक्त ने एम.एल.ए. क्रासिंग के पास हुए भारी भू–स्खलन के कारणों का पता लगाने और सड़क की जल्द बहाली के अधिकारियों को दिए निर्देश।